<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

"उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023" में इरेडा पवेलियन का उद्घाटन आरईसी और पीएफसी के सीएमडी द्वारा किया गया

इरेडा तीव्र गति से आरई विकास के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर फंड उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है: सीएमडी

लखनऊ, 10 फरवरी, 2023

माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने आज लखनऊ में "उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023" और "ग्लोबल ट्रेड शो" का उद्घाटन किया। इस समिट के हिस्से के रूप में, भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने ग्लोबल ट्रेड शो में अपना पवेलियन लगाया।

आरईसी के सीएमडी, श्री विवेक कुमार देवांगन, और पीएफसी#d#सीएमडी, श्री रविंदर सिंह ढिल्लोन के द्वारा इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास, और कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इरेडा पवेलियन का उद्घाटन किया गया । विद्युत मंत्रालय#d#सचिव, श्री आलोक कुमार, उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के अध्यक्ष, श्री एम. देवराज#और उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगणों ने इरेडा स्टॉल का भी दौरा किए ।

इरेडा के सीएमडी ने आरईसी के सीएमडी,और पीएफसी के सीएमडी के साथ आरईसी स्टॉल का भी उद्घाटन किया।

इरेडा का पैवेलियन पहले दिन से ही अपनी आकर्षक डिजाइन, विशेष रुप से प्रदर्शित पैनल, कॉर्पोरेट फिल्मों, ब्रोशर और अन्य सामग्रियों के कारण अपनी पहल और उपलब्धियों को बढ़ावा देने के लिए आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। विद्युत मंत्रालय के सचिव ने भी इरेडा पैवेलियन की सराहना की।

इरेडा के सीएमडी#ने एक पैनल चर्चा में भाग लिया

"भारत के नवीकरणीय ऊर्जा विजन के बारे में वित्तपोषण" पर एक पैनल चर्चा में भाग लेते हुए, श्री दास ने कहा कि इरेडा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए कई अभिनव वित्तीय उत्पाद पेश कर रहा है। पिछले 2.5 वर्षों में रेपो दरों में वृद्धि के बावजूद, इरेडा ने देश में आरई के तेजी से विकास के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर फंड उपलब्ध कराने के लिए आरई डेवलपर्स को अपनी प्रतिबद्धता के कारण ब्याज दरों में वृद्धि नहीं की है। इस पैनल चर्चा में, आरईसी के सीएमडी, श्री विवेक कुमार देवांगन, पीएफसी के सीएमडी, श्री रविंदर सिंह ढिल्लोन और पीजीसीआईएल के सीएमडी, श्री के. श्रीकांत ने भी भाग लिया।

इरेडा के सीएमडी#ने रेखांकित किया कि, यूपी सरकार की सहायक नीतियों के कारण, पिछले वर्ष के दौरान इरेडा की ऋण बुक में वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान ऋण बुक 900 करोड़ रुपये है (यूपी परियोजनाओं के लिए), जिसमें से 50% यूपी परियोजनाओं के लिए पिछले वर्ष में ऋण संवितरित किया गया था। इरेडा ने पहले ही ई-मोबिलिटी के लिए वित्तपोषण को बढ़ा दिया है और उत्तर प्रदेश में पारंपरिक आरई प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ ग्रीन हाइड्रोजन आदि जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के वित्तपोषण के लिए तैयार है।

श्री दास ने आगे कहा कि, इरेडा कॉरपोरेट गवर्नेंस के बेंचमार्क मानकों को सुनिश्चित करने के लिए 3सी के सिद्धांतों यानी दृढ़ विश्वास, प्रतिबद्धता और स्पष्टता पर काम कर रहा है। इरेडा अपने व्यापार भागीदारों के साथ त्रैमासिक बैठकें आयोजित करके और सर्वोत्तम कॉर्पोरेट प्रशासन पद्धतियों का पालन करते हुए ,देश में आरई क्षेत्र के विकास का समर्थन करने के लिए अभिनव वित्तीय उत्पादों को डिजाइन करने के लिए इस क्षेत्र की जरूरतों को बेहतर तरीके से समझने में सक्षम रहा है।